हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025

11 राजकीय महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता...



12 श्लोगन लेखन में रुखसाना व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कंचन प्रथम



## खबर संक्षेप

### 18 से 20 तक दी गई ग्रीन पटाखों की अनुमति

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने ग्रीन पटाखों का उपयोग करने की अपील की है। उपायुक्त ने अपने संदेश में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के सख्त दिशा-निर्देशों के साथ एनसीआर जिसमें भी शामिल है, में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री और चलाने की अनुमति प्रदान की है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों अनुसार इन उत्पादों की बिक्री पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में केवल निर्दिष्ट स्थानों से ही की जा सकेगी, जिन्हें जिला कलेक्टर या आयुक्त द्वारा पुलिस अधीक्षक के परामर्श से चिन्हित किया जाएगा।

### फसल अवशेषों में आग लगाई तो होगी कार्रवाई

**चरखी दादरी।** कृषि विभाग द्वारा किसानों को फसल अवशेषों में आग ने लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस मुहिम के दौरान विभाग मुख्यतः धान बिजाई करने वाले गांव पर फोकस कर रहा है। उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल के मार्गदर्शन में जिला के चिंहित गांवों में कृषि विभाग की विभिन्न टीमें अलग-अलग माध्यमों से किसानों को फसल अवशेषों में आग न लगाने के लिए जागरुक कर रही हैं।

### 31 तक होंगे दिव्यांग छात्रवृति योजना के लिए आवेदन

**चरखी दादरी।** दिव्यांग छात्रों के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग केंद्र सरकार द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक, प्री-मैट्रिक व टॉप क्लास एजुकेशन स्कॉलरशिप योजना चलाई जा रही हैं। जिसके तहत दिव्यांग छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने का प्रावधान है। उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए छात्रों को स्कोलरशीपस.जीओवी.आईएन पोर्टल पर आवेदन करना होगा। इसकी अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित कर गई है। इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र विद्यार्थी समय रहते संबंधित पोर्टल पर पंजीकरण करा लें।

### विवाहिता और बेटी लापता, शिकायत दर्ज

**लोहारू।** उपमंडल के एक गांव से एक विवाहिता और उसकी बेटी के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। विवाहिता के पति ने लोहारू पुलिस थाने में अपनी पत्नी व बेटी की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर माँ व बेटी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में खंड के गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी पत्नी व बेटी गांव ढिगावा मंडी में घरेलू सामान खरीदने के लिए गई थी लेकिन उसके बाद वे घर वापिस नही लौटी। उसकी आस पड़ोस में काफी तलाश की गई लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा तथा मोबाइल भी बंद आ रहा है।

प्रशासन व सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये पर आक्रोशित किसानों ने किया घेराव

## किसान व मजदूरों ने समस्याओं के लिए लघु सचिवालय पर डाला पड़ाव





**भिवानी।** लघु सचिवालय परिसर के बाहर पड़ाव के दौरान विरोध जताते किसान व मजदूर व डीसी को ज्ञापन सौंपते किसान व मजदूर संगठनों के पदाधिकारी।

हरियाणा में 31 लाख एकड़ भूमि पर फसल बर्बाद होने पर केंद्र सरकार ने नहीं की कोई मदद: ओमप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा व मजदूर संगठन सीटू के आह्वान पर सैंकड़ों किसानों व मजदूरों ने वीरवार को लघु सचिवालय के सामने पड़ाव डाला और समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने जिला प्रशासन व राज्य सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये के विरोध में एक घंटे तक लघु सचिवालय का घेराव किया। किसान-मजदूर अपनी समस्याओं को लेकर इतने उग्र व आक्रोशित थे कि पुलिस ने उन्हें शांत करने के लिए काफी जद्दोजहद व मशक्तत करनी पड़ी। इस दौरान किसान व मजदूरों की पुलिस के साथ काफी तू तड़ाक हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल व सीटू जिला प्रधान कुलदीप बड़वा ने संयुक्त रूप से की। पड़ाव के दौरान मंच संचालन किसान सभा के जिला सचिव मास्टर जगरोशन व सीटू के जिला सचिव अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से किया। उपायुक्त साहिल गुप्ता ने संगठनों के 11 सदस्य प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर बातचीत की तथा गेट पर आकर किसान मजदूरों की समस्यायों के सामाधान का आश्वासन दिया तथा अगले सप्ताह सभी अधिकारियों की बैठक बुलाकर दोनों संगठनों के साथ बातचीत करने का आश्वासन दिया। आक्रोश प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान सभा के राज्य महासचिव सुमित दलाल, जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश, दयानंद पूनिया व मनरेगा यूनियन नेता उपासना सिंह ने कहा कि अत्याधिक बारिश होने से ड्रेनें टूटने, ओवरफ्लो होने से जिले के तीन दर्जन गांवों में बाढ़ जलभराव से खरीफ फसल शत प्रतिशत नष्ट हो गई है। अभी जलभराव की निकासी नहीं हो रही है, रबी फसल की बुआई भी नहीं हो पाएगी।

### ये रही मांगें

पीड़ित किसान-मजदूर ने मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने शीघ्र जलभराव निकासी करने, एक लाख रुपये प्रति एकड़ बर्बाद फसलों का शीघ्र मुआवजा देने, मजदूरों को भी मुआवजा देने, घरों में हुए नुकसान की भरपाई करने, बाजरा, कपास, मूंग व धान की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद करने, डीएपी/यूरिया खाद मांग के अनुसार देने, कालाबाजारी पर रोक लगाने, बिजली टावरों व तेल पाइप लाइनों का न्यायोचित मुआवजा देने, बकाया बिजली कनैक्शन जारी करने, क्रोप कटिंग में धांधली बंद करने, बाढ़ पीड़ित गांवों में 200 दिन मनरेगा काम 600 रुपये प्रतिदिन दिहाड़ी से तुरन्त लागू करने, 350 करोड़ रुपये बीमा फ्राड की जांच करने व किसानों को ब्याज समेत पूरा पैसा देने की मांग की गई।

### ये रहे मौजूद

*प्रदर्शन व घेराव को यूनियन नैन ग्रुप के जिला प्रधान मेवासिंह आर्य, युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमलसिंह प्रधान, किसान सभा के जिला कोषाध्यक्ष मास्टर उमराव सिंह, सर्व कर्मचारी संघ के धर्मबीर भाट्टी, मास्टर शेरसिंह, डॉ. बलबीर ठाकन, कविता आर्य, किसान नेत्री संतोष देशवाल, कर्णसिंह जैनावास, राजेश कुंगड़, सीटू जिला उपप्रधान सुखदेव पालुवास, एडवोकेट अशोक आर्य, रामअवतार बलियाली, सुमेर सिंह गिगनाऊ व सुरेंद्र राठी आदि मौजूद रहे।*

## एनसीआर में ग्रैप वन की पाबंदियां लागू

■ प्रदूषण नियंत्रण के लिए ग्रेप वन के नियमों की सख्ती से पालना जरुरी



उपायुक्त डॉ. मनीष नागपाल।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा है कि वायु प्रदूषण हम सबके लिए चिंता का विषय है, जिसका हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर ग्रेप नियमों की सख्ती से पालना करना बेहद जरूरी है। उन्होंने केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से जिला सहित एनसीआर क्षेत्र में लागू किए गए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान वन के तहत संबंधित विभागों को जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा सभी जिलावासी वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले उपायों में सक्रिय रूप से भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि जिला में ग्रेप-वन की पाबंदी लागू हो गई हैं, जिसके लिए प्रदूषण नियंत्रण उपायों को पूरी गंभीरता से अपनाना होगा। विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे जिला में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाएं।

### ग्रेप चरण-एक कार्यान्वयन निर्देश

उपायुक्त ने कहा है कि ग्रेप के चरण-एक के अनुसार 27 सूत्री कार्य योजना पूरे एनसीआर में तत्काल प्रभाव से लागू हा चुकी हैं। निर्माण एवं तोडफ़ोड़ गतिविधियों में धूल निवारण उपायों पर निर्देशों, नियमों या दिशानिर्देशों का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करना तथा पर्यावरणीय दृष्टि से सीएंडडी अपशिष्ट का सुरक्षित प्रबंधन सुनिश्चित करना, 500 वर्ग मीटर या उससे अधिक के प्लॉट आकार वाली ऐसी परियोजनाओं के संबंध में सीएंडडी गतिविधियों की अनुमति न दें जो संबंधित राज्य, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार के 'वेब पोर्टल' पर पंजीकृत नहीं हैं या जो धूल निवारण उपायों की दूरस्थ निगरानी के लिए उपरोक्त वैधानिक निर्देशों के अनुसार अन्य सभी आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं करते हैं।

## 29 और 30 अक्टूबर को होगा युवा महोत्सव, 24 तक करवाएं पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

● जिला युवा महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा युवाओं की भागीदारी करें सुनिश्चितः डीसी



**चरखी दादरी।** युवा महोत्सव के लिए बैठक लेते उपायुक्त डॉ. नागपाल।

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने जिला स्तरीय युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर वीरवार को लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों और आईटीआई के प्रिंसिपल के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 29 व 30 अक्टूबर को होने वाले जिला युवा महोत्सव में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी करवाना सुनिश्चित करें और कार्यक्रम को भव्यता एवं गरिमा के साथ सम्पन्न करवाएं। उपायुक्त ने बताया कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन जनता कॉलेज के सभागार में होगा। महोत्सव में प्रतिभागी बनने के लिए 15 से 29 वर्ष तक आयु वर्ग के युवक-युवतियां जिला की किसी भी राजकीय आईटीआई रावलधी में 24 अक्टूबर तक पंजीकरण करवा सकते हैं। प्रतिभागी को रजिस्ट्रेशन फॉर्म के साथ आधार कार्ड, फैमिली आईडी, फोटो व बैंक खाता की प्रति लाना अनिवार्य हैं। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव को लेकर जारी की गई सभी हिदायतों का शत प्रतिशत पालन किया जाए। साथ ही विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

## बेटियों की शिक्षा और नवाचार की मिसाल सीमा श्योरान को मिला नेशनल अवार्ड

■ राह ग्रुप फाउंडेशन ने किया ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड

■ श्रीनगर में लाल चौक के पास हुआ भव्य सम्मान समारोह

दीपक कुमार डुमड़ा ▸▸ बवानीखेड़ा



**बवानीखेड़ा।** अध्यापिका सीमा श्योरान को अवार्ड प्रदान करते मुख्य अतिथि राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ और वाइस चेयरमैन रामनिवास वर्मा व अन्य अतिथिगण। *फोटो: हरिभूमि*

शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण, नवाचार और उत्कृष्टता की प्रतीक मिट्टी मतानी की गणित अध्यापिका सीमा श्योरान को राह ग्रुप फाउंडेशन द्वारा आयोजित ग्लोबल रोल मॉडल नेशनल अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें इंटरनेशनल टीचर वीक के अंतर्गत एक्सप्लोर इंडिया अभियान के तहत श्रीनगर के लाल चौक के पास पीएम श्री स्कूल में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर देशभर से आए शिक्षाविदों, समाजसेवियों, अधिकारियों और कलाकारों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ और वाइस चेयरमैन रामनिवास वर्मा ने संयुक्त रूप से सीमा श्योरान को सम्मानित किया।

### सीमा ने बदली है स्कूल की तस्वीर

सीमा के प्रयासों से विद्यालय में सीखने का माहौल अधिक रचनात्मक और आनंददायक हुआ है। उनके विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय है कि सीमा श्योरान को वर्ष 2023 में राज्य शिक्षक अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। अध्यापिका सीमा श्योराण ने नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय शिक्षण सामग्री प्रदर्शनी में हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व किया, जहां उन्होंने अपनी स्वनिर्मित शिक्षण सामग्री प्रस्तुत की। विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं ने उनके नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी पद्धतियाँ शिक्षा को अधिक प्रभावशाली और छात्र-केंद्रित बनाती हैं।

### खेलों में मिली अपार सफलता

खेलों से भी उनका गहरा नाता रहा है। वे लंबे समय तक मास्टर एथलीट और सिविल सर्विस स्पोर्ट्स से भी से जुड़ी रही है और खेलों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन व आत्मविश्वास जगाने का कार्य किया। वे स्वयं अनेक मेडल जीत चुकी है, वे 2022 में शॉटपुट मे गोल्ड मेडल और डिस्कस थ्रो में सिल्वर मेडल जीत चुकी है स उनका मानना है कि खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा है और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों को उतना ही महत्व दिया जाना चाहिए जितना पढ़ाई को दिया जाता है।

**कार्यक्रम** आदर्श महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय शिल्पकारी प्रदर्शनी का आयोजन

## शिल्पकारी प्रदर्शनी में छात्राओं की सृजनात्मक आत्मनिर्भर पहल

छात्राओं ने दीपावली मेले में दियो व साज-सज्जा से संबंधित निर्मित किए लगभग 3000 उत्पाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



**भिवानी।** आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

भारतीय हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और बढ़ावा देने के लिए शिल्पकारी छात्राओं का अपना एक अनूठा योगदान रहा है। इसी के तहत एक दिवसीय शिल्पकारी प्रदर्शनी आदर्श महिला महाविद्यालय में आयोजित की गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय कुलपति, प्रो. दीप्ति धर्माणी व महाविद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अजय गुप्ता के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन व मंत्रोच्चारण द्वारा किया गया। प्रो. धर्माणी ने कहा कि नवाचार व कौशल निर्माण सुदढ़ उद्यमशीलता के महत्वपूर्ण घटक हैं जो आज प्रदर्शनी के माध्यम से छात्राओं ने प्रदर्शित किए। महाविद्यालय में लगाई गई प्रदर्शनी के माध्यम से छात्राओं को आत्मनिर्भर व स्वाभलंम्बी बनाने का मंच प्रदान किया गया है।

### प्राकृतिक व वेस्ट चीजों से उत्पाद किए निर्मित

प्रदर्शनी में छात्राओं ने पूर्ण रूप से प्राकृतिक व वेस्ट पदार्थो का प्रयोग करते हुए लगभग 3000 उत्पाद निर्मित किए। जिसमें मुख्यत गृह साज-सज्जा सामग्री, प्राकृतिक सौदर्य प्रसाधन, टाई ऐंड डाई की साड़ियाँ व सूट चद्दरें, पैंटिग, दीए व कढाई बुनाई के उत्पाद इत्यादि रहें। प्रदर्शनी में जिले के गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत कर छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। महाविद्यालय समिति उपाध्यक्ष सुनीता गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुंदरलाल अग्रवाल, पवन बुवानीवाला, शारदा अग्रवाल, रीना तनेजा, डॉ. माया याद्व, डॉ. रजनी राघव, मीनाक्षी अग्रवाल, ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया।



सेलिब्रेशन

चारों ओर जगमगाते दीपक, रंग-बिरंगी लाइट्स की लड़ियां, आतिशबाजी, ऐसा उल्लास से भरा माहौल होता है दीपावली का। लेकिन इस पर्व का असली मजा/आनंद वास्तव में कब आता है, बता रहे हैं टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स। ये आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं, इस बार दीपावली कैसे सेलिब्रेट करेंगे?

# दीपावली पर जगमगाएं खुशियां



## मेरे लिए दिवाली का असली मतलब है परिवार का प्यारा साथ : आयशा विंधारा

सोनी सब के शो 'इत्ती सी खुशी' में चिड़िया का रोल प्ले करने वाली आयशा विंधारा दिवाली का नाम सुनते ही उत्साह से भर जाती है। आयशा दिवाली कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'मैं अपने परिवार के साथ मिलकर दिवाली मनाती हूं। नई ड्रेसेस खरीदती हूं। रंग-बिरंगी लाइट्स और दीयों से घर को सजाती हूं। शाम को मैं और मेरी बहन मिलकर रंगोली बनाते हैं। दिवाली की रात मैं अपने पापा और दोस्तों के साथ पटाखे फोड़ती हूं। दिवाली मेरे लिए अधूरी है, अगर मुझे रसगुल्ला और काजू कतली खाने को नहीं मिले! दिवाली आते ही मेरे मन में एक अलग ही उत्साह भर जाता है।' आयशा आगे कहती है, 'मेरे लिए दिवाली सिर्फ रोशनी, दीये और पटाखों का त्योहार नहीं है। दिवाली का असली मतलब है- परिवार का प्यारा साथ। जब हम सब मिलकर हंसते हैं, खेलते हैं, बातें करते हैं, एक-दूसरे के साथ समय बिताते हैं, मेरे लिए यही सच्ची दिवाली होती है।' इस बार दिवाली पर अपनी खास प्लानिंग के बारे में आयशा बताती है, 'अबकी मैं दीये पेंट करके अनाथालय में बांटने जाऊंगी, ताकि वहां भी दिवाली की रोशनी और मुस्कान बिखरे। मैं अपने घर में बड़ी-सी रंगोली बनाऊंगी। और हां, इस बार मेरा बर्थ-डे भी दिवाली के आस-पास है, तो इस बार मेरे लिए दिवाली की खुशी दोगुनी है!' आयशा 'बालभूमि' के सभी दोस्तों को दिवाली का मैसेज देते हुए कहती है, 'दिवाली पर हम सभी घर सजाएं, दीये जलाएं। पटाखे कम फोड़ें ताकि पॉल्यूशन कम हो। मिठाई खाएं और बांटें। हम इस खूबसूरत त्योहार को प्यार और मुस्कान के साथ मनाएं।' *


## खुशियां बांटने का त्योहार है दिवाली : एकांश काथरोटिया

**सोनी सब** पर हाल ही में शुरू हुए शो 'गणेश कार्तिकेय' में एकांश काथरोटिया, विघ्नहर्ता भगवान गणेश की भूमिका निभा रहा है। दिवाली उसका पसंदीदा त्योहार है।



एकांश कहता है, 'दिवाली खुशियों का त्योहार है। इस दिन हम नई ड्रेसेस पहनते हैं, मिठाइयां खाते हैं, बांटते भी हैं। दिवाली पर रंगोली बनाते हैं, दीये जलाते हैं, ईको-फ्रेंडली पटाखे और फुलझड़ियां जलाते हैं। माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं, दिवाली पर खुशियां मनाने के साथ-साथ हम अपनों के साथ खुशियां बांटते भी हैं।' एकांश के लिए दिवाली के क्या मायने हैं, वह बताता है, 'दिवाली के दिन भगवान श्रीराम रावण का वध करके और अपना वनवास पूर्ण करके अयोध्या लौटे थे। तब उनके स्वागत में पूरा अयोध्या दीपों से सजाया गया था, लोगों को अपार खुशी मिली थी। मेरे लिए दिवाली बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है।' इस बार दिवाली सेलिब्रेशन को लेकर अपनी प्लानिंग के बारे में एकांश चहकते हुए बताता है, 'अभी कुछ समय पहले ही हमारा सीरियल 'गणेश कार्तिकेय' ऑन एयर हुआ है। मेरे लिए तो दिवाली शुरू हो गई है। मैं इस दिवाली बहुत उत्साहित हूं। इस बार मैं सीरियल के सेट पर अपने को-स्टार्स के साथ दिवाली सेलिब्रेट करूंगा।' एकांश का 'बालभूमि' के दोस्तों को मैसेज है, 'अपने नन्हे प्यारे दोस्तों से मैं दिल से कहना चाहता हूं कि दीपावली का यह त्योहार आपके जीवन में खुशियां, समृद्धि लाए। माता लक्ष्मी का आशीर्वाद आप सबके साथ हमेशा बना रहे। हैप्पी दिवाली!' *

## दिवाली पर हर किसी के चेहरे पर हो स्माइल-हो ब्राइटनेस : आर्यन प्रजापति



एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ऋतिक की भूमिका निभा रहे आर्यन प्रजापति का नटखट अंदाज सबको खूब भा रहा है। ऋतिक को दिवाली का त्योहार बहुत पसंद है। वह दिवाली की तैयारी और इसके सेलिब्रेशन के बारे में बताता है, 'दिवाली आते ही सबसे पहले हम लोग घर की साफ-सफाई में जुट जाते हैं। मैं अपने कमरे को लाइट्स और पोस्टर्स से डेकोरेट करता हूं। पापा के साथ मिलकर दीये सजाता हूं। दिवाली के मौके पर मम्मी के हाथों से बनी मिठाई खाना बहुत अच्छा लगता है। रात को पूजा होती है फिर सेल्फी टाइम!' आर्यन के लिए दिवाली सिर्फ एक त्योहार भर नहीं है, वह कहता है, 'दिवाली का मतलब है, टेंशन भूलकर दोस्तों और फैमिली के साथ एंज्वॉय करो।' आर्यन की नजर में दिवाली साथ-साथ खुशियां बांटने का त्योहार है। वह बताता है, 'मैं और मेरी सिस्टर मिलकर गरीब बच्चों को कपड़े और मिठाई बांटते हैं। हम इनके घर जाकर इनके साथ दीये भी जलाते हैं। उनकी मुस्कान देखकर लगता है, हमारी दिवाली डबल स्पेशल हो गई।' 'बालभूमि' के दोस्तों को आर्यन मैसेज देता है, 'गाइज, दिवाली खूब एंज्वॉय करो, लेकिन सेफ्टी और नेचर का भी ध्यान रखो। दिवाली का असली मजा तब है, जब हर किसी के चेहरे पर ब्राइटनेस हो, स्माइल हो।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स



लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापान



न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीन

# दुनिया की मशहूर आतिशबाजियां

रोचक / शिखर चंद जैन

*बच्चो, भारत में शानदार जोरदार आतिशबाजी दीपावली के अवसर पर देखी जाती है। विदेशों में भी अलग-अलग अवसरों पर आतिशबाजी से जुड़े बहुत ही मनमोहक आयोजन होते हैं। जानो, दुनिया के कुछ मशहूर आतिशबाजी इवेंट्स के बारे में।*

**मॉन्ट्रियल इंटरनेशनल फायरवर्क कॉम्पिटिशन, कनाडा:** यह दुनिया की सबसे बड़ी आतिशबाजी प्रतियोगिता है। यहां बेहतरीन म्यूजिक के साथ-साथ शानदार आतिशबाजी का कॉम्पिटिशन आयोजित किया जाता है। विजेताओं को ट्रॉफी दी जाती है। महीने भर तक चलने वाले इस उत्सव में



दूर-दूर से लाखों लोग आते हैं। वैसे तो इसे देखने के लिए टिकट लेना पड़ता है, लेकिन सेंट लॉरेंस नदी या माउंट रॉयल पार्क के पास से इसे मुफ्त में भी देखा जा सकता है।

**लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापान:** जापान की सबसे बड़ी झील लेक बीवा में अगस्त माह में आतिशबाजी का शानदार शो आयोजित किया जाता है। उत्सव के दौरान 10,000 रंग-बिरंगी आतिशबाजी होती है। इस रंग-बिरंगी आतिशबाजी का प्रतिबिंब जब झील के पानी में पड़ता है तो देखने में बहुत ही मनोहरी लगता है। इस शानदार शो को देखने के लिए 3 लाख से ज्यादा लोग आते हैं। लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल की हर साल एक नई थीम प्लान की जाती है।

**दुबई न्यू ईयर ईव फायरवर्क्स, यूएई :** दुबई में न्यू ईयर के मौके पर रोशनी और पटाखे दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा से चलाए जाते



हैं। इसलिए दुबई में कहीं से भी इस आतिशबाजी की चमक देखी जा सकती है। बुर्ज खलीफा के नीचे खड़े होकर इस आतिशबाजी को देखना बहुत रोमांचक अनुभव होता है। आतिशबाजी के अलावा यहां लेजर बीम शो और एलईडी लाइट्स का अनूठा नजारा भी देखने को मिलता है।

**न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीन:** चीन के लोग नववर्ष के अवसर पर खूब पटाखे चलाते हैं। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक यह जनवरी और फरवरी के बीच पड़ता है। इस अवसर पर ड्रैगन और अन्य कई शेप्स की आतिशबाजी की जाती है। यहां की मान्यताओं, परंपराओं और प्रतीकों के आधार पर भी आतिशबाजी तैयार की जाती है। इस अवसर पर चीन के लोग देवताओं की पूजा करते हैं और अपने पूर्वजों को याद करते हैं।

**न्यूयॉर्क में स्वतंत्रता दिवस पर आतिशबाजी, अमेरिका:** अमेरिका में 4 जुलाई यानी अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस का दिन यहां के सभी बड़े शहरों



में आतिशबाजी का अवसर होता है। खासतौर से न्यूयॉर्क सिटी में हडसन नदी में कई नौकाओं से तरह-तरह की आतिशबाजी की जाती है। लगभग 25 मिनट तक चलने वाले इस इवेंट में हजारों तरह की आतिशबाजी की जाती हैं। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

# दीप जले दिवाली के!



नन्हे-नन्हे प्यारे-प्यारे
दीप जले दिवाली के!
दूर भगाने को अंधियारा,
जग में लाने को उजियारा,
आंगन-आंगन, द्वारे-द्वारे
दीप जले दिवाली के!
भेदभाव का नाम न इनमें,
बैर-द्वेष का काम न इनमें,
झिलमिल-झिलमिल, हिलमिल सारे
दीप जले दिवाली के!
मोह रहे हर प्राणी का मन,
कितने उज्ज्वल, कितने पावन,
सुंदर-सुंदर, सजे-संवारे
दीप जले दिवाली के!
दीपों जैसा जीवन कर लें,
उजियारे को मन में भर लें,
भोले-भोले, न्यारे-न्यारे
दीप जले दिवाली के!

## हंसगुल्ले




**मोनू:** यार, मेरे जैसे लंबी हाइट वाले लड़कों के लिए दिवाली काफी थका देने वाली होती है।
**सोनू:** आखिर क्यों?
**मोनू:** क्योंकि जब भी ऊंचाई वाली दीवार को साफ करना होता है या फिर कमरे की छत पर लगा जाला साफ करना होता है। मम्मी झट से मुझे बुला लेती हैं। सारा दिन सफाई करते-करते निकल जाता है।

-सौम्या, रोहतक

**सोहन:** देखो, आज मेरे पास सुतली बम है, पटाखे, फुलझड़ी, अनार, रॉकेट सब कुछ है। तुम्हारे पास क्या है?
**मोहन:** मेरे पास वह है, जो मैं लगा दूं तो सब खत्म समझो।
**सोहन:** ऐसा क्या है तुम्हारे पास?
**मोहन:** माचिस!

-विकास, बिलासपुर

## जीके क्विज-175



1 साल 2025 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार किसे मिला है?
2. इस वर्ष शांति का नोबेल पुरस्कार पाने वाली मारिया कोरिना मचाडो किस देश की नागरिक हैं?
3. दीपावली का पर्व किस हिंदी महीने में मनाया जाता है?
4. विश्व का सबसे गहरा महासागर कौन-सा है?
5. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
6. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
7. आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?
8. अंतरिक्ष की दूरी मापने के लिए किस इकाई का प्रयोग किया जाता है?
9. एफिल टावर कहां स्थित है?
10. 'गीता रहस्य' नामक पुस्तक किसने लिखी है?

**बच्चों, जीके क्विज-175 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-174 का उत्तर :** 1.अभिषेक शर्मा, 2. बालोद, 3.उत्तराखंड, 4.जीजाबाई, 5. 24 अक्टूबर, 6.गुग्लिल्मो मार्कोनी, 7.विटामिन के, 8.लैक्टिक एसिड, 9.भुवनेश्वर, 10.राजस्थान

**जीके क्विज-174 का सही उत्तर देने वाले :** निखिल-महासमुंद, अंजलि-दुर्ग, आन्या-दुर्ग, कबीर-हिसार, आशुतोष-रायपुर, कमल-बिलासपुर, राजन-भोपाल, शिखर-बालोद, जतिन-दिल्ली, कुसुम-बेमेतरा, सोहम-कांकेर



कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

तीन महीने पहले ही अंशुल के दोस्त सौरभ के पापा का देहांत हुआ था। इसलिए सौरभ बहुत ज्यादा उदासी से घिरा हुआ था। अंशुल ने दिवाली के दिन उसके घर जाकर कुछ ऐसा किया कि सौरभ के चेहरे पर छायी उदासी छंट गई। अंशुल को भी लगा, उसकी यह दिवाली बहुत अलग रही, यादगार बनी।

# अलग तरह की दिवाली



दिवाली का दिन था। वातावरण में त्योहार का उल्लास छाया था। अंशुल भी बहुत खुश था, क्योंकि दिवाली का त्योहार उसे बहुत भाता था। शाम के समय वह मम्मी-पापा के साथ बाजार की रौनक देखकर घर लौटा तो उसने देखा कि पड़ोस में रहने वाले उसके दोस्त सौरभ के घर में न कोई रोशनी और न कोई सजावट की हुई है। घर के अंदर से कोई आवाज भी नहीं आ रही थी। ऐसा लग रहा था, जैसे उस घर में कोई रहता ही न हो। अंशुल को मालूम था, तीन महीने पहले सौरभ के पापा नहीं रहे थे। एक सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। सौरभ अपनी मम्मी के साथ उस घर में रहता है। अंशुल ने हैरानी से पापा से पूछा, 'पापा, सौरभ के घर में कोई रोशनी क्यों नहीं की गई है? क्या इन्होंने दिवाली नहीं मनानी?'

'बेटा, सौरभ के पापा नहीं रहे न, इसलिए इस बार ये लोग दिवाली नहीं मनाएंगे।' पापा का जवाब सुनकर अंशुल को धक्का-सा लगा। घर के अंदर आकर भी वह सौरभ के बारे में ही सोचता रहा। उसके बारे में सोच-सोच कर उसका मन दुखी होने लगा। उसने अपने मम्मी-पापा से कहा, 'क्यों न हम थोड़ी देर के लिए सौरभ के घर जाएं और साथ में थोड़ी मिठाई, फुलझड़ियां और मोमबत्तियां भी ले जाएं।'

अंशुल की बात सुनकर मम्मी बोलीं, 'इस साल उनको दिवाली नहीं मनानी है, इसलिए न तो वे मोमबत्तियां, फुलझड़ियां जलाएंगे और न ही मिठाई खाएंगे।' यह सुनकर अंशुल सोच में पड़ गया फिर बोला, 'तो ठीक है, मैं ऐसे ही उनके घर चला जाता हूं, थोड़ी देर के लिए।'

अंशुल तुरंत ही सौरभ के घर चला गया और दरवाजे की घंटी बजाई। दरवाजा सौरभ की मम्मी ने खोला। अंशुल ने उनसे सौरभ के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया, 'वह अपने कमरे में है।' अंशुल घर के अंदर जाकर सौरभ के कमरे में गया तो उसने देखा कि वह चुपचाप बिस्तर पर लेटा हुआ है। बहुत उदास दिख रहा था। उसकी आंखें देखकर ऐसा लग रहा था मानो थोड़ी देर पहले रोया है। तभी सौरभ की मम्मी भी वहां आ गईं, अंशुल से बोलीं, 'यह सौरभ तो अपने पापा के बिना बहुत उदास रहता है। आज दिवाली के दिन तो उनको याद करके और भी ज्यादा दुःखी-उदास है। पिछले साल इसके पापा के साथ हम लोगों ने बड़ी धूमधाम से दिवाली मनाई थी, लेकिन क्या पता था कि वह उनकी आखिरी दिवाली है।' मम्मी ने अंशुल को बिस्तर के पास रखी कुर्सी पर बैठने को कहा। वह कुर्सी पर बैठ गया तो मम्मी कमरे से बाहर चली गईं। सौरभ बिस्तर से उठकर बैठ गया, लेकिन वह अब भी बहुत गुमसुम सा था।

अंशुल ने उससे बात करने की कोशिश की। शुरू में तो सौरभ ने बातचीत में कोई रुचि नहीं दिखाई, लेकिन अंशुल ने अपनी कोशिश जारी रखी। धीरे-धीरे सौरभ खुलने लगा और फिर अंशुल से बातचीत करने लगा। अंशुल ने उससे स्कूल, पढ़ाई, दोस्तों आदि के बारे में तरह-तरह की बातें कीं। सौरभ को क्रिकेट का बहुत शौक था। अंशुल ने उससे क्रिकेट के बारे में भी बातें कीं। इस बातचीत से सौरभ का मन हल्का होने लगा। उसके चेहरे पर छाई उदासी मिटने लगी। यह देखकर अंशुल को बहुत अच्छा लग रहा था। तभी मम्मी फलों की चाट बनाकर ले आईं। दोनों के आगे चाट की एक-एक प्लेट रख दी। पहले तो सौरभ ने कहा कि उसका मन नहीं है, वह नहीं खाएगा, लेकिन जब मम्मी और अंशुल ने उसे खाने के लिए बार-बार कहा, तो वह चाट खाने लगा। अंशुल ने भी चाट खाई। धीरे-धीरे सौरभ का मन ठीक होता जा रहा था। अंशुल सौरभ के पास काफी देर तक बैठा रहा। रात के नौ बज गए तो अंशुल अपने घर जाने के लिए उठ खड़ा हुआ। सौरभ का मन अब तक हल्का हो चुका था। वह सामान्य दिख रहा था। वह अंशुल को अपने घर के दरवाज़े तक छोड़ने आया। अंशुल अपने घर पहुंचा तो बहुत खुश था। मम्मी-पापा उसके लौटने का इंतजार कर रहे थे। अपने घर में दिवाली मनाते हुए अंशुल को लग रहा था, सौरभ के घर जाकर, उसके साथ कुछ समय बिताकर उसकी उदासी दूर करने की खुशी दिवाली मनाने की खुशी से ज्यादा बड़ी है। इस बार की उसकी दिवाली बहुत अलग तरह की रही। *

कविता

राकेश सोहम



# दिवाली का त्योहार

धूम-धड़ाम से गूंजी बस्ती
दीयों का है उजियारा,
देखो राजू, पिंटू, चीकू
दिवाली का त्योहार आया।
सफाई का साम्राज्य हुआ
घर-घर की हुई सफाई,
लक्ष्मी पूजन हुआ घरों में
सबको बांटी गई मिठाई।
दीप जलाए घर-आंगन में
अंधियारा है शरमाया,
फुलझड़ी पटाखे बम चलाते
सबका मन है हर्षाया।
आज के दिन से सीख सीखना
मन के दीप जलाना,
अंधियारे-सी हर बुराई को
मन से दूर भगाना।

## रंग भरो-187

**रंग भरो-187** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





माही, महासमुंद



राजनंदिनी, रायपुर



वासनी, रायपुर



प्रियांशी, धमतरी



आशना, जांजगीर




आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, इमली-कोरबा

## रंग भरो 188



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बच्चा अपने पापा-मम्मी के साथ दिवाली मना रहा है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निदान

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार की ओर से चलाए जा रहे समाधान शिविर आमजन की शिकायतों के निदान का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल के निर्देश पर सीटीएम प्रीति रावत ने समाधान शिविर में आए नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल समाधान बारे कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेशानुसार प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को समाधान शिविर के माध्यम से लोगों की शिकायतों को सुनकर उनका समाधान किया जा रहा है।

### हार्दिक व लावण्या का मैराथन में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार के कक्षा नवमी 'डी' के छात्र हार्दिक एवं कक्षा सातवीं 'सी' की छात्रा लावण्या ने खेल के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित कर विद्यालय, अभिभावकों व पूरे राज्य का गौरव बढ़ाया है। हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल के तत्वावधान में गुड़गांव में दिनांक 28 सितंबर को आयोजित अंडर-18 (10 किलोमीटर) लड़कों की मैराथन दौड़ में हार्दिक ने छठा स्थान प्राप्त कर मेडल व प्रमाण पत्र हासिल किया, वहीं उसकी बहन लावण्या ने लड़कियों की 10 किलोमीटर की मैराथन दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया जो विद्यालय में कक्षा सातवीं सी की छात्रा हैं।

---

### पहले दिन भाषण, कविता पाठ, चित्रकला, कॉलाज, क्ले मॉडलिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट और रंगोली स्पर्धा

# राजकीय महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ

**छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक और बौद्धिक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय श्री शंभू सिंह ठाकुर राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य प्रवीन के दिशा-निर्देशन में सांस्कृतिक समिति की प्रभारी डॉ. नीना कुमारी के द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में छिपी हुई विविध प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उन्हें साहित्य, कला तथा संस्कृति के क्षेत्र में अपनी सृजनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर देना है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण तथा छात्राओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर साहित्यिक एवं ललित कला से संबंधित विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रबुद्ध पूर्ण भाषण , कविता पाठ(हिंदी, हरियाणवी, पंजाबी,उर्दू एवं अंग्रेजी), कॉलाज, चित्रकला, क्ले मॉडलिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट तथा रंगोली प्रतियोगिता जैसी गतिविधियाँ शामिल रहीं। छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक एवं बौद्धिक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महाविद्यालय प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं, बल्कि यह छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में सृजनशील योगदान देने के लिए प्रेरित करती हैं।



**बवानीखेड़ा।** स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय श्री शंभू सिंह ठाकुर राजकीय महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### चित्रकला में तमन्ना रहीं प्रथम

प्राचार्य ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे इन अवसरों का भरपूर उपयोग करें और अपने हुनर को निखारें।निर्णायक मंडल में विभिन्न विभागों के शिक्षकों ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। पूरे आयोजन के दौरान महाविद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। चित्रकला प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका श्रीमती निशा ,डॉ. सोनम ने निभाई। तमन्ना स्नातक द्वितीय वर्ष से प्रथम, स्नातक द्वितीय वर्ष से सलोनी द्वितीय एवं पूजा स्नातक द्वितीय वर्ष से तृतीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में खुशबू स्नातक तृतीय वर्ष से प्रथम, साक्षी, वंदना बीएससी द्वितीय वर्ष से द्वितीय स्थान पर एवं साक्षी स्नातक प्रथम वर्ष से तृतीय स्थान पर रही।इस अवसर पर छात्राओं ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से यह सिद्ध किया कि अवसर मिलने पर ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं भी किसी से पीछे नहीं हैं।

## रोल प्ले और समूह लोक नृत्य में सर्वपल्ली राधाकृष्णन विद्यालय रहा प्रथम

**बवानीखेड़ा।** एससीईआरटी हरियाणा गुरुग्राम के दिशा निर्देशानुसार डाइट भिवानी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय रोल प्ले और फोक डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हलवासिया विद्या विहार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी में आयोजित किया गया। रोल प्ले में कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया और फोक डांस में कक्षा आठवीं और नवमी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत डाइट बिरही कलां प्राचार्य धर्मेंद्र ने दीप प्रज्वलन कर की। हलवासिया विद्यालय के प्राचार्य बिमलेश आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन रितिका वशिष्ठ ने किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका मंजू गिरधर , नीलम और मंजू ने निभाई। विजेता प्रतिभागियों को नवरत्न पांडे व मोनिका के द्वारा पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सुचारू रूप से चलाने के लिए नीरज सुपर्णा और विवेक डाईट प्रवक्ता मौजूद रहे। इस मौके पर एबीआरसी पूनम, एबीआरसी पंकज, एबीआरसी अनीता और बीआरपी वरुण उपस्थित रहे। रोल प्ले में सर्वपल्ली राधाकृष्णन विद्यालय भिवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारी जाटू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और राजकीय कन्या उच्च विद्यालय लोहानी ने तृतीय स्थान हासिल किया। समूह लोक नृत्य की प्रतियोगिता में सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर दोबारा बाजी मारी पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिवानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और राजकीय कन्या उच्च विद्यालय लोहानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




**बवानीखेड़ा।** जिला स्तरीय रोल प्ले और फोक डांस प्रतियोगिता का आयोजन में उपस्थितजन। फोटो : हरिभूमि

---

# बाल महोत्सव छात्रों की प्रतिभाओं को देता है मंच

- बाल महोत्सव के चौथे दिन सीजेएम पवन कुमार ने विद्यार्थियों का बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

बाल महोत्सव कार्यक्रम के चौथे दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम पवन कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम में आयोजित सोलो डांस, देशभक्ति ग्रुप सॉन्ग, सोलो डांस, क्लासिकल डांस की प्रतियोगिताओं में शामिल विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया।

सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि बाल महोत्सव न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता है, बल्कि हमें यह भी स्मरण कराता है कि हर बच्चा हमारे समाज की एक अमूल्य निधि है।

बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना केवल सरकार या किसी एक संस्था का कार्य नहीं है, यह सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हर बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्नेहपूर्ण वातावरण का अधिकार प्राप्त है। भारतीय संविधान ने भी बच्चों को विशेष संरक्षण देने की व्यवस्था की है, ताकि उनका बचपन भय, भेदभाव और शोषण से मुक्त रह सके। उन्होंने कहा कि अदालतें सदैव बच्चों के सर्वोत्तम हित को प्राथमिकता देती हैं, चाहे वह बाल श्रम के मामले हों, बाल विवाह, या संरक्षण और पुनर्वास से जुड़े विषय हो। परंतु केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है। उन्हें जीवन में उतारना समाज का कर्तव्य है।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुती देती प्रतिभागी।

#### बच्चों का मनोबल कभी न टूटेः सीजेएम

सीजेएम प्रतियोगिताओं का अवलोकन करते हुए कहा कि पोस्टर, नृत्य, गीत, कविताएं आदि से पता लग रहा है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है। हमें केवल इतना सुनिश्चित करना है कि इन बच्चों का मनोबल कभी न टूटे। उन्हें हर अवसर मिले अपनी क्षमताओं को विकसित करने का। उन्होंने बच्चों को स्क्रीम टाइम कम करने और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिला विधिक सेवाओं के बारे में जानकारी में जानकारी देते हुए बताया कि टोल फ्री नंबर 15100 पर काल करके निःशुल्क कानूनी सलाह ली जा सकती है। जिला बाल कल्याण अधिकारी ओम प्रकाश ने सभी अतिथिगण का स्वागत किया तथा बाल महोत्सव के दौरान चल रही जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के बारे में संपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी तृप्ति, संदीप, दिनेश नरवाना, रणधीर, सुदेश, प्रदीप, गीता, शिवानी, मीनू आदि सम्मत स्टाफ उपस्थित रहा।

# नन्हे-मुन्हों ने रामायण रोल प्ले में दिया आदर्श जीवन व नैतिक मूल्यों का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

लिटल हार्टस कॉनवेन्ट स्कूल में द्वितीय कक्षा के बच्चों की रामायण रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन किया,जिनमें भगवान राम के आदर्श जीवन व विशेषताओं को प्रकाशित करने वाले विषय प्रमुख थे।

विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि विद्यालय द्वारा आयोजित गतिविधियों की श्रृंखला में आज द्वितीय कक्षा के विद्यार्थियों की रामायण पर आधारित रोल-प्ले प्रतियोगिता का आयोजन किया।



**भिवानी।** अतिथियों के साथ रामायण रोल प्ले अदा करने वाले विद्यार्थी।

#### छात्रों ने रामायण पात्रों के रोल-प्ले से बिखेरा सांस्कृतिक रंग

विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, हनुमान, माता सबरी आदि के रोल प्ले किए व एक से बढ़कर एक जीवन प्रेरक प्रसंग सुना कर सबका मनमोह लिया। श्रेयांश, किर्ती, आश्वी, आयांश, आदित्य, दिव्या, सानवी, अक्षत, रूद्र, नित्विका, जियाना, वंश, हर्शिव, जियान, वेदिका, ईरा, यशवर्धन, देवांशी, गर्व व तरूण ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन कर अत्यंत आकर्षक रोल-प्ले किए। इस अवसर पर प्राचार्या वीणा सेठ, ममता, अनुपमा, रेणु, दीपशिखा, सुमन, रिचा, अल्पना, अनिषा, ज्योति, रितु, अमित आदि मौजूद रहे।

---

# बाल संरक्षण कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित

- कार्यक्रम में पुरानी कार्यकारिणी को विदाई भी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

जिला बाल संरक्षण कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन की अध्यक्षता जिला बाल संरक्षण अधिकारी नीलकमल द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान हाल ही में कार्यभार संभालने वाली बाल कल्याण समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया। इसके साथ ही पुरानी कार्यकारिणी को विदाई भी दी गई। इसके साथ ही कामना की गई कि अपने पद पर जो भी जिम्मेदारी सोंपी गई है उसकी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पालन करेंगे। इस दौरान सभी का स्वागत फूल मालाओं के साथ किया गया।



**चरखी दादरी।** कार्यक्रम में उपस्थित महिला अधिकारी।

#### बाल कल्याण समिति का नेतृत्व

विदा हो रही बाल कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा अपने अनुभवों को सांझा किया गया। कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के बारे में संक्षेप में सभी को बताते हुए नई कार्यकारिणी से भी आहवान किया गया कि वो भी अपने पद की गरिमा को पूरी तरह से कायम रखते हुए अधिक से अधिक काम लोक कल्याण के लिए करेंगे। नई समिति में शामिल चेयरमैन एडवोकेट हनवंत सिंह तंवर व अन्य सदस्य एडवोकेट संदीप छपारिया, अनीता कुमारी , मोनिका सैनी, सुमन सभी ने स्वागत समारोह के लिए सभी का आभार जताया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उनमे से प्रत्येक सदस्य पिछले कई सालो से लगातार समाज सेवा के क्षेत्र से जुडा रहा है। उनका यह लंबा अनुभव वर्तमान कार्यकाल के दौरान भी सहायक बनेगा। उनका पूरा प्रयास यही रहेगा कि अपने कार्यकाल के दौरान अधिक से अधिक जरूरतमंदों की सहायता की जा सके।

#### प्रदेश में कानून व्यवस्था का जनाजा निकलाः चौटाला

**बाढड़ा।** प्रदेश में कानून व्यवस्था व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। आए दिन फिरोती, अपहरण, लुटपाट और डैकेती की घटनाएं हो रही हैं। आज पहली बार जनता उपेक्षित व अधिकारी असमंजस में हैं और सरकार दिल्ली के इशारे पर काम कर रही है। यह बात युवा जजपा अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने बाढङा हल्के के कारीतोखा, बाढड़ा, गुडाना, निमड़ बडेसरा आदि गांवों के ग्रामीण दौरों में लोगों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि एडीजीपी वाई पूर्ण कुमार की मौत को सरकार जातीय रंग देना चाहती है, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगें। इसकी मौत की जांच हाइकोर्ट के मौजूदा अनुभवी न्यायधीश से करवानी चाहिए। प्रदेश का मुख्यमंत्री डम्मी है। प्रदेश की सरकार केन्द्र में बैठा मंत्री मनोहर लाल चला रहा है।



**बाढड़ा।** ग्रामीण क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से मिलते युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला।

### कामरेड रवि व अश्वनी को बने जिला शहरी उपप्रधान

**भिवानी।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिला कार्यालय में कांग्रेस सेवादल की जिला कार्यकारिणी का गठन किया। इस अवसर पर मुख्यतिथि के रूप में ग्रामीण जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी मौजूद रहे, जबकि अध्यक्षता कांग्रेस सेवादल के जिला प्रधान बिजेन्द्र सिवाच ने की। इस अवसर पर कामरेड रवि खन्ना को उपप्रधान जिला शहरी, अश्वनी खनगवाल को उपप्रधान, सुरेन्द्र रंगा को महासचिव शहरी, अमित जांगड़ा को महासचिव शहरी, मनजीत जताई को उपप्रधान ग्रामीण, प्रीतपाल सिंह को उपप्रधान ग्रामीण, सतपाल को महासचिव ग्रामीण, नरेश कुमार पहाड़ी को महासचिव ग्रामीण, सुखबीर कमांडो को महासचिव ग्रामीण, ज्ञानीराम को महासचिव ग्रामीण बनाया गया।

# सांसद खेल महोत्सव 26 अक्टूबर को तोशाम में



**तोशाम।** खेल मैदान का निरीक्षण करते हुए।

- खेल स्टेडियम में अनेक खेल किए जाएंगे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

भारत सरकार द्वारा खेलों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देशभर में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में तथा भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के मार्गदर्शन में, इस महोत्सव का आयोजन भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में भी किया जा रहा है जिसके संदर्भ में गुरुवार को तोशाम में खेल स्टेडियम का निरीक्षण किया। यह जानकारी देते हुए मास्टर अश्विनी कुमार ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के तहत आगामी 26 अक्टूबर को तोशाम के खेल स्टेडियम में कुश्ती, कब्बड्डी, वालीवाल, दौड़ आदि अनेक खेलों का आयोजन किया जाएगा। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों में छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा।

#### इस प्रकार रहेगा शेड्यूल

18 अक्टूबर को सरस्वती स्कूल भोजावास, विधानसभा नांगल चौधरी,19 अक्टूबर को खेल स्टेडियम, बहल, विधानसभा लोहारू,25 अक्टूबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रानीला का खेल मैदान, विधानसभा दादरी,26 अक्टूबर, खेल स्टेडियम, विधानसभा तोशाम,01 नवम्बर को खेल स्टेडियम, धोंगरा अहीर, विधानसभा अटेली,02 नवम्बर को खेल मैदान, आरपीएस स्कूल बलाना, विधानसभा महेन्द्रगढ़,08 नवम्बर को खेल स्टेडियम, चांदवास, विधानसभा बाढ़ड़ा,09 नवम्बर को खेल स्टेडियम, विधानसभा नारनौल,15 नवम्बर को भीम स्टेडियम, विधानसभा भिवानी में होंगे।

---

### समाज में संवेदनशीलता एवं एकता की भावना को मजबूत करते हैं शिविरः सिंघल

# नागरिक अस्पताल में इमरजेंसी शिविर में 27 ने किया रक्तदान

**शिविर केवल जरूरतमंदों को जीवन देते हैं: डुडेजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्त की जरूरत को पूरा करने के उद्देश्य से वीरवार को विशेष रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा के नेतृत्व में आयोजित किया, जिसमें 27 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। डुडेजा ने बताया कि ब्लड बैंक में कुछ दुर्लभ रक्त समूहों की तत्काल आवश्यकता थी, इसलिए ब्लड कैंप सहारा चेरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से किया। इस स्थिति को देखते हुए शहर के जागरूक रक्तदाताओं ने आगे बढ़कर मानवता का परिचय दिया।




**भिवानी।** रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते अतिथि।

#### रक्तदान से बड़ा कोई धर्म नहीं

डुडेजा ने कहा कि रक्तदान महादान है और किसी की जान बचाने से बड़ा कोई धर्म नहीं। शिविर में बतौर मुख्यतिथि सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद सिंघल पहुंचे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में हुड्डा शाखा प्रबंधक नीलेश कुमार उपस्थित रहे। डुडेजा ने कहा कि ऐसे शिविर न केवल जरूरतमंदों को जीवन देते हैं, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और एकता की भावना को भी मजबूत करते हैं। सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश मिताथल ने बताया कि संस्था समय-समय पर ऐसे रक्तदान शिविर आयोजित करती रहती है और जरूरतमंद मरीजों की हरसंभव सहायता के लिए सदैव तत्पर रहती है। इस मौके पर डॉ. हर्ष, डॉ. रोहित, नर्सिंग अधिकारी सुभाष, स्टाफ गुंजन, लेब टेक्नीशियन कृषणा सांगवान, अमित, सुमित कुमार, रवि व सलमा शामिल रहे। शिविर में युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे पूरे कार्यक्रम का माहौल प्रेरणादायक रहा। अंत में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व आभार स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

**सूचना**

मैं, आर्मी नंबर 411154 ए रैंक सूबेदार महेन्द्र सिंह शेखावत पुत्र स्व. श्री नत्थू सिंह निवासी गांव सुखदेव सिंह का बास, पोस्ट ऑफिस लोहारू, तहसील लोहारू, जिला भिवानी, हरियाणा-127201 बयान करता हूं कि मैं असम राईफल में 99एपीओ में सूबेदार के पद पर कार्यरत हूं। मेरी पुत्री का नाम Jyoti है जबकि आर्मी रिकार्ड में मेरी का नाम Jyoti Sunwar दर्ज है और मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम Jyoti दर्ज है और अब मैं मेरी पुत्री का नाम आर्मी रिकार्ड में Jyoti Sunwar की जगह Jyoti दर्ज करवाना चाहता हूं। मेरी स्व. माता का नाम आर्मी रिकार्ड में सोना बाई (Sona Bai) दर्ज है जबकि सभी दस्तावेजों में मेरी माता का नाम सोहनी देवी (Sohani Devi) दर्ज है और अब मैं मेरी माता का नाम आर्मी रिकार्ड में सोना बाई (Sona Bai) की जगह सोहनी देवी (Sohani Devi) दर्ज करवाना चाहता हूं। मेरी माता की मृत्यु 14.10.2019 को हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### सुनील शर्मा एबीवीपी के नगर अध्यक्ष बने

**भिवानी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) बवानीखेड़ा नगर की नई कार्यकारिणी की घोषणा वीरवार को उत्साहपूर्ण माहौल में की गई। इस अवसर पर एबीवीपी भिवानी के जिला प्रमुख सुमित मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने नगर की सक्रियता और संगठन के विस्तार को देखते हुए सुनील शर्मा को बवानीखेड़ा नगर अध्यक्ष एवं निशांत तंवर को नगर मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी। एबीवीपी विभाग संयोजक सचिन शेखावत ने कहा कि नगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ग्रहण करने के बाद सुनील शर्मा ने नगर की नई कार्यकारिणी की घोषणा की।

### चौ बंसीलाल कॉलेज में सांस्कृतिक उत्सव आज

**लोहारू।** चौ बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में 17 अक्टूबर से दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ मुकेश कुमार चहल करेंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुजीत कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों में रचनात्मकता और सृजनात्मक चेतना का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में गायन, नृत्य, कविता-पाठ, वाद-विवाद, पोस्टर निर्माण, मिमिक्री, नाटक जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डॉ. सुजीत कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल मनोरंजन का अवसर प्रदान करेगा बल्कि उनकी छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और निखारने का मंच भी बनेगा।

## जजपा ने प्रदर्शन कर डीसी को सौंपा ज्ञापन

# फसलों की खरीद को लेकर सड़कों पर उतरी जजपा

**सरकार द्वारा किसानों की फसल ना खरीदने पर औने-पौने दामों पर फसल बचने को मजबूर किसान : नरेश द्वारका**

**जिला में दो सांसद, तीन विधायक व एक मंत्री भाजपा से होने बावजूद भी किसानों की हो रही दुर्गति : नरेश द्वारका**

जल्द ही किसानों को आ रही समस्याओं का समाधान और फसलों की खरीद नहीं होती तो पार्टी प्रदेश भर में आंदोलन करने को मजबूर होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सरकार की लापरवाही व उदासीनता के चलते अन्नदाताओं की फसले मंडियों में पड़ी बर्बाद हो रही है, जिसके चलते पहले से घाटे की मार झेल रहा किसान और भी बर्बादी के दर पर पहुंच रहा है। इसी के विरोध में वीरवार को जननायज जनता पार्टी ने शहर में प्रदर्शन किया तथा फसलों की एमएसपी पर सरकारी खरीद करवाए जाने की मांग की। इस दौरान जजपा पदाधिकारी अनाज मंडी पहुंचे तथा उपायुक्त के माध्यम मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व किसान सेल के प्रदेश अध्यक्ष नरेश द्वारका, जजपा जिला प्रभारी कृष्ण बजीना व जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने किया। इस मौके परकिसान सैल के प्रदेश अध्यक्ष नरेश द्वारका ने कहा कि किसानों की फसल मंडियों में खुले में है तथा सरकार फसल खरीद नहीं रही तथा ना ही फसल खरीद के कोई प्रबंध किए जा रहे। जिसके अन्नदाता खासे परेशान है। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल बेचने में आ रही समस्याओं से निजात दिलाने में भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल रही है, जिसके चलते मजबूरन किसानों को अपनी फसल औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है।

**ऑनलाइन के चक्कर में उलझाया**

इस मौके पर जिला प्रधान जितेंद्र शर्मा व जिला प्रभारी कृष्ण बजीना ने कहा कि सरकार ने किसानों को ऑनलाईन चक्कर में उलझा रखा है, जिसके पीछे सरकार की मंशा फसल खरीद ना करना है। उन्होंने कहा कि किसानों की हालत को देखते हुए सरकार को चाहिए कि तुरंत किसानों की फसल की खरीद हो और 24 घंटे में किसान के खाते में पेमेंट होनी चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भिवानी जिला में दो सांसद, तीन विधायक व एक मंत्री भाजपा से है, लेकिन इसके बावजूद भी किसानों को अपनी फसल घाटे में बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है, जबकि भाजपा सरकार किसानों की आय दोगुना करने की बात कहती है।

**यह रहे मौजूद**

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही किसानों को आ रही समस्याओं का समाधान और फसलों की खरीद नहीं होती तो जननायक जनता पार्टी प्रदेश भर में आंदोलन करने को मजबूर होगी। इस अवसर पर किसान सेल के प्रदेश अध्यक्ष नरेश द्वारका, जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, जिला प्रभारी कृष्ण बजीना, राजबीर तालू, महिला जिला अध्यक्ष सुलोचना पोटलिया, हलका अध्यक्ष तोशाम ऋषिपाल फौगाट, बवानीखेड़ा अध्यक्ष अजमेर सरपंच, देवेंद्र नकीपुर, जयवीर सरपंच, यासीन खान, अवतार सांगवान, फोर्ड धनाना, कृष्ण वर्मा, मदन यादव, राजेश ग्रेवाल समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रधान शंकुतला के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित

# भाजपा ने महिलाओं को अपार अधिकार दिए, देश की तरक्की के खुले द्वार: सर्राफ

विधायक ने दिया लंबी उमर व स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि भाजपा ने महिलाओं को अपार अधिकार देकर देश की तरक्की के द्वार खोल दिए है। चाहे शिक्षा या अन्य कोई योजना। यहां तक लाडो योजना शुरू करके महिलाओं के उत्थान के लिए ऐतिहासिक पहल की है।

जिस देश की महिलाएं शिक्षित होगी व उनको अपार अधिकार मिलेंगे तो वह देश तरक्की करेगा। चूंकि देश की तरक्की में महिलाओं का विशेष योगदान होता है। वे आज लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में शंकुतला प्रधान के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान शंकुतला प्रधान ने वहां पर मौजूद सभी महिलाओं का मुंह मीठा करवाया। विधायक श्री सर्राफ ने शंकुतला को लंबी उमर व स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद दिया।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में विधायक घनश्याम सर्राफ।

**जीएसटी छूट मिसाल**

विधायक श्री सर्राफ ने कहा कि पीएम मोदी ने जीएसटी में छूट देकर एक मिसाल कायम की है। जीएसटी कम होने का लोगों को फायदा भी मिलने लगा। विधायक श्री सर्राफ ने कहा कि शंकुतला प्रधान महिलाओं के उत्थान व उनको जागरूक करने के लिए अभियान चलाए हुए है। जिसका फायदा महिलाओं को मिल रहा है। सीएम नायाब सिंह सैनी द्वारा लागू करवाई गई योजनाओं के बारे में महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। शंकुतला प्रधान ने कार्यक्रम में पहुंचे विधायक श्री सर्राफ व अन्य महिलाओं का आभार जताया।

# जिला परिषद कोटे से होगा कस्बे के सर छोटूराम किसान भवन का सौंदर्यकरण

- भाकियू अध्यक्ष हरपाल सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

किसान संगठनों व सामाजिक कार्यक्रमों के लिए प्रयोग किए जाने वाले कस्बे के जुई रोड़ स्थित सर छोटूराम किसान भवन का जल्द ही दिन संवरने वाले हैं। कस्बे के जुई रोड़ स्थित सर छोटूराम किसान भवन जिला परिषद चरखी दादरी के जनकल्याण के लिए आवंटित बजट से उसका सोंदर्यकरण किया जाएगा। यह फैसला जिला परिषद चेयरमैन मंदीप श्योराण डालावास की मौजूदगी में सर छोटूराम किसान भवन में भाकियू अध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। अध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा ने बताया कि किसान भवन क्षेत्र के किसानों व सामाजिक संगठनों के लिए एक एमात्र जगह है जिसकी सुध लेना जरुरी है।

**चेयरमैन से भाकियू कमेटी की अपील**

भाकियू कमेटी चेयरमैन से अपील करती है कि वह अपने विभाग से इसपर विशेष बजट जारी करवाएं। बैठक में भागीदारी करते हुए जिला परिषद चेयरमैन मंदीप श्योराण डालावास ने कहा कि ग्रामीण विकास के क्षेत्र में सरकार आन डिमांड धनराशी जारी कर रही है। जिले में स्कूलों में नए कमरे, पेयजल प्रबंधन, गंदे जल निकासी के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित हैं। जिला परिषद कोटे से छोटूराम भवन का सोंदर्यकरण करवाया जाएगा और आज ही विकास एवं पंचायतीराज शाखा की तकनीकी टीम को भेजकर अलग अलग कार्यो के लिए बजट का अस्टीमेट तैयार करवाया जाएगा। बैठक में भाकियू अध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा, महासचिव ओमप्रकाश उमरवास, सबीर बाढड़ा, सेवानिवृत निरीक्षण इंद्रजीत डालावास, पूर्व सरपंच गिरधारी, कर्णसिंह बाढडा मौजूद रहे।

### पंजीकृत किसानों को ही मिलेगी डीएपी...

**बाढडा।** सहकारिता विभाग द्वारा बाढडा सर्कल के किसानों को 500 डीएपी बैगों टोकन का वितरण 18 को किया जाएगा। इस दिन जिन्होंने अब तक खाद प्राप्त नहीं की तथा मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को ही खाद दी जाएगी। यह जानकारी सहकारी समिति बाढडा के प्रबंधक जयबीर श्यामकलां ने दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने अलग -अलग सोसाइटी का क्षेत्र निर्धारित किया है और उस क्षेत्र के गांवों के किसानों को ही डीएपी मुहैया कराई जाएगी। पहले उन किसानों को ही खाद दी जायेगी जिन्होंने मौजूदा सीजन में डीएपी नहीं ली है।

# उपमंडल कार्यालय पर जारी रहा प्रदर्शन व सीएम पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया

- किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा उपमंडल कार्यालय पर संचालित बेमियादी धरना जारी रहा। क्षेत्र के किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा अपने वादे के अनुसार मांगे पूरी नहीं करने पर रोष जताया।।

कस्बे के जुई रोड़ स्थित बिजली कार्यालय में सत्यवीर भांडवा व ब्रहमपाल बाढड़ा की सयुक्त अध्यक्षता में आयोजित धरने को संबोधित करते हुए राजकुमार हडोदी ने कहा कि कृषि की पहचान माने जाने वाले हरियाणा प्रदेश में आज ना तो किसान का अनाज बिक रहा है और ना ही अगली फसल बिजाई के समय डीएपी मिल रही है और खराबे वाली फसलों का मुआवजा लेने के लिए सरकार के खिलाफ सडक़ो पर उतरना पड़ रहा है। आजादी के बाद पहली बार देश व प्रदेश का किसान गरीब मजदूर व कमेरा वर्ग महंगाई बेरोजगारी व उपेक्षा की चक्की में पीस रहा है। बड़े दुर्भाग्य की बात है कि किसान की लगातार दूसरे सत्र में भी फसलें खराब हो गई है।

**मुआवजा राशि देने का सिर्फ दावा करती कंपनियां**

किसान नेता नसीब कारी मोद ने कहा कि बार -बार प्राकृतिक आपदा के कारण फसलें खराब होती है और सरकार उसी समय बीमा कंपनी व क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से मुआवजा राशि देने का दावा तो करती है लेकिन बाद में नुकसान की रिपोर्ट में अधिकारी बीमा कंपनी कर्मचारी मिलीभगत कर मनमर्जी तरीके से उसमें बदलाव कर किसानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं जो न्यायसंगत नहीं है और किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भावांतर योजना में सरकार खुद न खरीद कर किसानों को मंडियों के माध्यम से निजी व्यापारियों को बेचने का दावा कर रही है जबकी आज तक एक दाना भी नहीं खरीदा गया है। इस अवसर पर किसान नेता राजकुमार हड़ौदी, किसान सभा अध्यक्ष नसीब कारीमोद, हवासिंह श्योराण, मास्टर रघबीर काकड़ौली, प्रताप हंसावास, करतार गोपी, भूपसिंह दलाल, राजेश भांडवा, ब्रहमपाल, नरेश कादयान, होशियार सिंह गोपी, जयसिंह आदि अनेक किसान नेता मौजूद रहे।

## कलियाणा में कार्यक्रम आयोजित

# उपायुक्त ने आंगनबाड़ी प्ले स्कूल का किया उद्घाटन

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने गांव कलियाणा में आंगनबाड़ी प्ले स्कूल का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। गांव की महिलाओं व गणमान्य नागरिकों ने अपनी सहभागिता की।

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री सैनी ने दीनदयाल लाड़ो लक्ष्मी योजना शुरू की है, जिससे जिले की महिलाएं लाभान्वित होंगी। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' प्रत्येक कोने तक स्वास्थ्य और पोषण की सही पहुंच सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन की प्रतिबद्ध का है। मोदी ने पानीपत से वर्ष 2015 में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शुरूआत की थी।



भिवानी। आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन करते उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल।

# खो-खो की विजेता टीमों का किया स्वागत

- जींद में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

हाल ही में जींद में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें पूरे प्रदेश के अलग अलग जिलों से आए खिलाड़ियों ने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुनौती रखी। इस बड़ी प्रतियोगिता में दादरी जिले के होनहार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। नगर के चंपापुरी क्षेत्र स्थित आर्य हिन्दी संस्कृत महाविद्यालय गुरुकुल में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने अपने खेल के जरिए राज्य स्तरीय स्कूली खेल खो-खो प्रतियोगिता में जिला दादरी का प्रतिनिधित्व कर अंडर-14 में द्वितीय तथा अंडर-17 में पूरे हरियाणा में तृतीय स्थान प्राप्त किया और जिले व गुरुकुल का नाम रोशन किया है। विजेताओं के गुरुकुल परिसर में पहुंचने पर कार्यकारिणी व गुरुजनों ने उनका भव्य स्वागत कर सम्मान किया। रिंकु शास्त्री ने बताया कि राज्य स्तरीय स्कूली गेम्स पानीपत की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।



**चरखी दादरी।** अतिथियों के साथ विजेता टीम। फोटो : हरिभूमि

**यह रहे मौजूद**

आचार्य प्रवीण योगी ने बताया कि गुरुकुल के विशेष सहयोगी जगदीश कुमार गुप्ता ने मुम्बई से सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। वहीं सुरेश कुमार ऐरन ने भी इस उपलब्धि की सराहना की। आयोजन के दौरान प्रोफेसर देवदत्त आर्य व प्रधान रणवीर सिंह ने मंढोला आशीर्वाद देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर भी इसी भांति अग्रणी बनकर जिले व प्रदेश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर सुकर्मपाल आर्य, सत्यवीर शास्त्री, सुरेन्द्र शास्त्री प्रिंसिपल समसपुर, अजय कुमार शास्त्री, डीपीई रजनीश, अशोक डीपीई, कोच सोनू, राकेश, अजीत सिंह भानूवंशी, ललित शास्त्री, रोहित दीक्षित, नीरज, कर्णसिंह, सन्नी शास्त्री, चन्द्रपाल व अंकुर शास्त्री आदि मौजूद रहे।

## डॉ. बीआर अम्बेडकर आवास योजना

# लाभार्थी ले 80 हजार रुपये तक का लाभ : रवि मीणा

**भिवानी।** डॉ. बी. आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना इस स्कीम के तहत गरीवी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले सभी वर्गों के व्यक्तियों को मकान मरम्मत हेतु 80,000 रूपये की राशि दिए जाने का प्रावधान है। एसडीएम रवि मीणा (आईएएस) ने बताया कि आवेदक हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिए और जिस रिहायशी मकान की मरम्मत की जानी है। यह रिहायशी मकान आवेदक के नाम होना चाहिए। आवेदक का मकान 10 वर्ष या उससे अधिक पुराना हो व मरम्मत योग्य होना चाहिए। आवेदक द्वारा सरकार के किसी भी विभाग से पहले मकान बनाने मकान मरम्मत के लिए 10 वर्ष के अन्दर अनुदान प्राप्त नहीं किया हुआ हो और परिवार पहचान पत्र मे पारिवारिक आय 1.80 लाख तक हो। विधार्थियो के लिए डिबेट एवं सैमिनार योजना नागरिक संरक्षण अधिनियम 1955 की परिपालना में अस्पृश्यता दूर करने के लिए डिबेट एवं सेमिनार का आयोजन किया।

- विद्यार्थी सेमिनार और कानूनी सहायता का भी मिलता लाभ

# पात्रों को नगर परिषद चेयरमैन सैनी ने सौंपे किश्त के दस्तावेज

- नप चेयरमैन बख्शीराम सैनी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

नगर परिषद परिसर में नप चेयरमैन बख्शीराम सैनी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न वार्डो के नागरिकों ने सहभागिता की। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिन आवेदकों ने अपना मकान बनाने के लिए आवेदन किया था। केंद्र सरकार ने उनके मकान निर्माण के लिए जारी की किस्त को लेकर दस्वतावेजी कार्यवाही की। उल्लेखनीय है कि योजना के तहत पहली किस्त के रूप में जिन जिन आवेदकों द्वारा प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया है तथा केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के महत्वकांशी स्वप्न की प्रत्येक जरूरतमंद गरीब नागरिक के पास उसकी अपनी छत हो को लेकर एक लाख रुपये की राशि स्वीकृत की जा रही है। नप चेयरमैन सैनी ने बताया कि योजना के तहत सबका अपना घर हो को लेकर काम तेज गति से किया जा रहा है। नगर के विभिन्न वार्डों से उपस्थित आवेदक विकास, महाबीर, हीरानंद, बाबूलाल आदि के दस्वातेजीकरण व प्रथम किस्त को कागजी कार्रवाई आगे बढाई गई।



**चरखी दादरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्रों को किश्त के दस्तावेज सौंपते नप चेयरमैन बक्शीराम सैनी। फोटो : हरिभूमि

**होनहार** राजीव गांधी महिला कॉलेज में वाद विवाद, पोस्टर मेकिंग व श्लोगन लेखन प्रतियोगिता

# श्लोगन लेखन में रुखसाना व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कंचन प्रथम

विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. त्रिलोकचंद की अध्यक्षता में राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मंजीत एवं प्रोफेसर सुनीता के निर्देशन में वाद-विवाद, स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग एवं क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मक अभिव्यक्ति, चिंतन एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। मंच संचालन दीक्षा भारद्वाज एवं साक्षी ने किया। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर धर्मपाल, प्रोफेसर सत्विंदर चौहान एवं प्रोफेसर अनिल उपस्थित रहे।



**भिवानी।** शिक्षकों के साथ विजेता छात्राएं। **फोटो : हरिभूमि**

**वाद-विवाद प्रतियोगिता में दीक्षा अव्वल**

वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय लोकतंत्र में सोशल मीडिया की भूमिका रहा, जिसमें दीक्षा भारद्वाज प्रथम, अनुसूया द्वितीय, दृष्टि तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का विषय मताधिकार का महत्व रहा, जिसमें प्रथम स्थान रुखसाना, द्वितीय स्थान खुशी, मोनिका तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान कंचन, द्वितीय सोनिया, तृतीय स्थान अंशिका ने हासिल किया। इसी क्रम में राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में टीम बी की साक्षी, राखी एवं तनिश्का ने पहला, टीम सी की तन्नु, तन्नु एवं मीनाक्षी ने दूसरा व टीम ए की ममता, दीक्षा एवं पायल ने तीसरा स्थान पाया। प्राचार्य डॉ. त्रिलोकचंद ने छात्राओं को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग, लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका तथा मताधिकार के महत्व पर प्रेरणादायी संदेश दिया। विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर ईशा चौधरी, प्रोफेसर परमानन्द, प्रोफेसर अनीता शर्मा, प्रोफेसर अजीत कुमार उपस्थित रहे।

